संख्याः—1139/XXIV-C-1/2023—12(12)2022

प्रेषक,

डॉ0 आशीष कुमार श्रीवास्तव
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन

सेवा में,

कुलसचिव
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल/
श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय,
बादशाहीथौल टिहरी गढ़वाल/
सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय,
अल्मोड़ा

समस्त प्राचार्य
सम्बद्ध परिसर/महाविद्यालय
(राजकीय, अनुदानित एवं निजी)
उत्तराखण्ड।

उच्च शिक्षा विभाग दिनांकः 25 अक्टूबर, 2023

विषय—शैक्षणिक सत्र 2023—24 हेतु स्नातकोत्तर व व्यावसायिक कक्षाओं की प्रवेश प्रक्रिया की तिथि निर्धारण विषयक।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि भारत सरकार द्वारा सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से शिक्षा पर राष्ट्रीय मिशन के अन्तर्गत निर्मित समर्थ ई—गवर्नेंस पोर्टल से उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023—24 के स्नातक स्तर की प्रवेश पंजीकरण प्रक्रिया राज्य के विश्वविद्यालयों/सम्बद्ध परिसरों/महाविद्यालयों (राजकीय, अनुदानित एवं निजी) में सुचारू रूप से सम्पादित की गयी है।

2— सूच्य है कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल/श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय/सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा से सम्बद्ध परिसर/ महाविद्यालय (राजकीय, अनुदानित एवं निजी) में शैक्षणिक सत्र 2023—24 के स्नातकोत्तर व व्यावसायिक कक्षाओं की प्रवेश प्रक्रिया समर्थ प्रवेश पोर्टल के माध्यम से ही सम्पन्न करने हेतु निम्नानुसार निर्णय लिया गया है—

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन पंजीकरण की अंतिम तिथि | 30 अक्टूबर 2023 (अपरान्ह 3 बजे) |
| विश्वविद्यालय/महाविद्यालय द्वारा प्रवेश प्रक्रिया मेरिट, काउंसलिंग, शुल्क भुगतान तथा किये गये प्रवेशों को समर्थ पोर्टल पर ऑनलाईन सत्यापित करने की अंतिम तिथि | 31 अक्टूबर से 04 नवम्बर, 2023 |

3— उक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया समस्त विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय उक्त तिथि के अनुसार स्नातकोत्तर व व्यावसायिक की प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न कराना सुनिश्चित करने का कष्ट करेंगे। जिन पाठ्यक्रमों का विश्वविद्यालयों द्वारा परीक्षाफल उक्त तिथि से पूर्व घोषित नहीं किया जायेगा, उसके लिए

सम्बन्धित विश्वविद्यालय द्वारा पृथक रूप से प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

भवदीय,
Signed by Ashish Kumar Srivastava
Date: 25-10-2023 16:29:17
(डॉ0 आशीष कुमार श्रीवास्तव)
अपर सचिव

संख्या:–1139/XXIV-C-1/2023–12(12)2022 तद्दिनांक
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. वरिष्ठ निजी सचिव– सचिव उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. मा0 कुलपति, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल/श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय/ सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।
3. निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, हल्द्वानी, उत्तराखण्ड (नैनीताल)।
4. श्री संजीव सिंह, प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर–समर्थ टीम, नई दिल्ली को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त कार्य में उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड को समर्थ कार्मिकों द्वारा सहयोग प्रदान करें।

आज्ञा से,
Signed by Byomkesh Dubey
Date: 25-10-2023 17:38:03
(ब्योमकेश दूबे)
उप सचिव